भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
HINDU DELHI 4 JANUARY 2026

# Which are the airports being privatised?

How were the places selected? When is the tender process likely to begin? What are the privatisation goals a part of? When was the revenue-sharing model replaced by per passenger fee? How does it impact airfares? What are some of the issues being raised by airports?

Jagriti Chandra

**The story so far:**

The third round of airport privatisation, covering 11 airports to be opened for bids in five bundled groups, has moved a step forward with the Ministry of Civil Aviation sending a proposal to the Public Private Partnership Appraisal Committee (PPPAC) for its in-principle clearance and detailed scrutiny. According to government officials, the five bundles, each comprising metro and non-metro airports, include airports at Amritsar and Kangra; Varanasi, Kushinagar and Gaya; Bhubaneswar and Hubli; Raipur and Aurangabad; Tiruchi and Tirupati.

### What is the process?

Once the PPPAC completes its appraisal and the Union Cabinet signs off on the plan, bids will be invited from private operators, with the government planning to launch the tender process by March 2026.

The 11 airports were selected from among all AAI (Airports Authority of India) facilities handling 0.1-1 million passengers annually. Projections of future traffic growth and investment requirements then narrowed the list to these top performers for the third privatisation round.

The development comes six years after the plan for privatising 25 airports was first shared by AAI on the conclusion of the privatisation of six airports, bagged by the Adani Group. Sources say the remaining 14 airports would be taken up for privatisation in subsequent rounds.

The privatisation goals are also part of the National Monetisation Pipeline (NMP) that aims at monetising operating public infrastructure to unlock idle capital and reinvest that in other assets. Launched in August 2021, the NMP set an aggregate indicative target of ₹6 lakh crore to be raised by leasing brownfield infrastructure assets over the four-year period from FY 2022 to FY 2025.

> The aim should be to ensure the cost of air travel for smaller cities remains affordable

The target for the airport sector through the privatisation of 25 airports was pegged at ₹20,782 crore, or nearly 4% of the overall NMP value. In all, 88.3% of the total NMP target has been achieved by various infrastructure ministries, of which roads and railways remain the top contributors, but the aviation sector remains a laggard. The Union Budget 2025-26 announced the launch of the Asset Monetisation Plan 2025-30 to plough back ₹10 lakh crore.

### When did the privatisation of airports start?

Privatisation of airports started in 2003 under the NDA government. It approved the privatisation of two brownfield airports, i.e., Delhi and Mumbai airports, with 26% AAI stake and 74% stake owned by private JV partners. Delhi went to a GMR-led consortium in 2006, Mumbai to a GVK-led consortium in the same year via competitive bidding based on a revenue-share model. Two greenfield PPP airports followed, which included Bengaluru and Hyderabad in 2004.

In 2019, six more airports (Ahmedabad, Lucknow, Jaipur, Mangaluru, Guwahati, Thiruvananthapuram) were privatised, which were all won by the Adani Group. The revenue-share model was replaced by per passenger fee.

For the third round of privatisation, the PPPAC will evaluate key aspects, including revenue-sharing models versus per-passenger fees, cross-subsidisation between metro and non-metro airports in a bundle, and the need for a cap on the number of airports a single entity bags. It will also assess optimal land parcels for non-aeronautical revenue streams that are used to offset airline and passenger fees, and whether the User Development Fee collected from passengers as a component in the airfare will be determined for each airport independently or as a joint asset.

### What are the concerns?

Recently, when IndiGo was forced to cancel nearly 5,000 flights in the first two weeks of December, widespread concern was raised about the risks of a duopoly in India's aviation sector. Similar dangers are now emerging in the airport sector, where a monopoly has steadily taken shape over the past five years, with the Adani Group bagging 8 airports – six through privatisation, followed by Mumbai and Navi Mumbai airports, where it acquired GVK's stake.

Consider the recent dispute involving telecom operators, who approached the Department of Telecommunications over what they describe as "extortionary" charges levied at the newly inaugurated Navi Mumbai Airport to allow the use of its in-building solutions and refusal of right of way to set up infrastructure to provide cellular services.

### Why are costs rising for both airlines and passengers?

Privatisation often raises concerns about rising costs for airlines and passengers, even as infrastructure investment increases. These concerns are magnified when a large monopoly emerges, leaving airline operators with limited bargaining power and passengers with virtually none.

Take the example of Thiruvananthapuram Airport, where, following its first tariff revision after privatisation to Adani, which was approved by the Airport Economic Regulatory Authority (AERA), the user development fee charged to passengers as part of the airfare increased from ₹506 to ₹770 for domestic travellers for one year, followed by further hikes in subsequent years. Aircraft landing charges were also sharply increased.

Additionally, the regulator pulled up the airport for under-reporting its projection of non-aeronautical revenues, which are meant to cross-subsidise charges levied on airlines and passengers. AERA noted that the projections submitted were based on pre-privatisation and pre-COVID figures from the AAI.

The common man's grievances include high taxi charges at airports, congestion within terminal buildings, limited access to wheelchairs, and being compelled to pay for porter services to overcome challenges of accessibility. A beginning has been made with the airport tariff regulatory body moving towards evaluating airports on service delivery benchmarks and proposing a penalty if these are not met. The service benchmarks include wait time at security gates, check-in time, availability of help desks, and time taken to travel between terminals, among others. It plans a third-party evaluation of these parameters and a penalty in the form of 5% reduction on airport tariff, so that it results in reduced user development fee for passengers.

### What lies ahead?

Only about 6% of Indians currently travel by air, highlighting the enormous scope for growth in what is already the world's third-largest aviation market. While affordability remains a key factor, the low penetration rate makes it clear that air travel in India is far from saturated. To meet rising demand, the government has set a goal of building 50 new airports over the next five years and expanding the existing network of 163 airports. By FY2026, India's airports are expected to have a combined passenger-handling capacity of around 550 million passengers per annum (mppa), factoring in new facilities such as Navi Mumbai Airport and the upcoming Noida International Airport. Industry estimates suggest that airport capacity will need to grow to about 850 mppa within five years. Supporting this growth will require more than just new airports and will also depend on the presence of financially robust airlines.




**On track:** The airports were selected from among all Airports Authority of India facilities handling 0.1-1 million passengers annually. R. V. MOORTHY

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 4 JANUARY 2026

# कोटा एयरपोर्ट के 383 करोड़ के टेंडर की तकनीकी बिड खुली



**कोटा|** एयरपोर्ट के दूसरे बड़े टेंडर की तकनीकी बिड खोल दी गई। इसमें देश की 6 बड़ी कंपनियों ने भाग लिया है। अब इनकी स्क्रूटनी की जा रही है, इस माह के अंत तक इस टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने का अनुमान है। सिटी साइड कार्यों के लिए 383 करोड़ का यह टेंडर कई दिनों से प्रक्रिया में चल रहा था। करीब एक सप्ताह पहले इसकी तकनीकी बिड खोल दी गई है। इस प्रोजेक्ट को देख रहे एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के महाप्रबंधक सुनीलप्रसाद ने बताया कि सिटी साइड कार्यों के टेंडर में नामी कंपनियां आई है, जो पहले से एएआई के साथ बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही है। अब इनकी स्क्रूटनी सहित अन्य प्रक्रिया करके हम उम्मीद कर रहे हैं कि इसी माह के अंत तक इस टेंडर को फाइनल कर लें। वहीं, एयर साइड कार्यों के लिए 283 करोड़ के टेंडर के कार्य शुरू हो चुके हैं। अब इनकी रफ्तार बढ़ाई जा रही है। पहला काम साइट पर बड़ी-बड़ी खाइयों की लेवलिंग का चल रहा है। इसके लिए मशीनरी भी बढ़ाई गई है और अन्य संसाधन भी लगाए गए हैं। साइट पर कई जगह अलग-अलग गहराई और लंबाई की खाइयां थी, जिनको भरने सबसे पहला टास्क रखा गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 4 JANUARY 2026

# एयरपोर्ट पर इंडिगो यात्रियों ने किया हंगामा

## पहले पूर्णिया की उड़ान में देरी की बात कही, फिर पायलट अनुपलब्धता का हवाला देकर रद कर दी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली के आइजीआइ हवाई अड्डे पर शनिवार को उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए, जब इंडिगो की दिल्ली से पूर्णिया जाने वाली उड़ान में लगातार देरी और रद होने से यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज यात्रियों ने इंडिगो एयरलाइंस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और बोर्डिंग काउंटर पर हंगामा किया।

शुक्रवार को उड़ान रद होने के बाद यात्रियों ने किसी तरह टिकट री-शेड्यूल कराए थे, लेकिन शनिवार को भी विमान तय समय पर उड़ान नहीं भर सका। लगातार दूसरे दिन यात्रा प्रभावित होने से यात्रियों और ग्राउंड स्टाफ के बीच बहस और तीखी नोक-झोंक देखने को मिली। यात्रियों का कहना है कि पहले खराब मौसम और कम दृश्यता को देरी का कारण बताया गया, जबकि बाद में ग्राउंड स्टाफ ने पायलट की अनुपलब्धता की जानकारी दी। देरी के कारणों में एयरलाइंस द्वारा सही जानकारी नहीं देने से यात्रियों का आक्रोश और बढ़ गया।

शनिवार को इस घटना को लेकर इंटरनेट मीडिया पर यात्रियों ने आपबीती साझा करते हुए एयरलाइन प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कई यूजर्स ने एयरपोर्ट के बोर्डिंग काउंटर पर हो रहे हंगामे और यात्रियों की एयरलाइन स्टाफ के साथ तीखी बहस के वीडियो भी पोस्ट किए हैं। मिरर पूर्णिया नाम के यूजर ने वीडियो साझा करते हुए लिखा- 'इंडिगो ने फिर कैंसिल की दिल्ली से पूर्णिया की फ्लाइट, एयरपोर्ट पर यात्रियों का फूटा गुस्सा, जमकर काटा बवाल।' लोमस झा नाम के शख्स ने पोस्ट में लिखा कि इंडिगो की उड़ान 6ई 9076 में देरी हुई है और यात्रियों की शिकायत है कि शुक्रवार को भी यह रद कर दी गई थी। शनिवार को फिर मौसम का हवाला देकर इसे टाला जा रहा है।

**इंडिगो प्रबंधन पर खड़े हो रहे हैं गंभीर सवाल:** इधर इंडिगो ने शनिवार सुबह अपने आधिकारिक इंटरनेट मीडिया हैंडल पर एक एडवाइजरी जारी कर यात्रियों को आगाह किया था कि कोहरे और कम दृश्यता के चलते कई उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। एयरलाइन इस समय पहले से ही गंभीर परिचालन चुनौतियों का सामना कर रही है। संबर की शुरुआत में पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम से जुड़े नए नियम (एफडीटीएल) लागू होने के बाद एक ही दिन में करीब 1600 उड़ानें रद हुई थीं।



आइजीआइ एयरपोर्ट पर विरोध जताते इंडिगो के यात्री • सौ. इंटरनेट मीडिया

## हिंडन पर भी रद हुई इंडिगो की फ्लाइट

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: हिंडन एयरपोर्ट से शनिवार को बेंगलुरु को उड़ान भरने वाली फ्लाइट लेट होने के बाद रद कर दी गई। इस पर यात्रियों ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद कुछ यात्रियों को बस से दिल्ली एयरपोर्ट भेजा गया जबकि कुछ ने मौके पर ही टिकट कैंसिल कराया।

एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट दोपहर सवा दो बजे रवाना होना था, लेकिन समय में देरी हो गई। टर्मिनल में पहुंचे यात्रियों को जल्द उड़ान भरने का बताया और कुछ देर बाद फ्लाइट रद होने की सूचना दी। इंटरनेट मीडिया पर यात्रियों ने इसकी शिकायत कर लिखा कि सवा दो बजे से तीन बजे फिर इसके बाद दिल्ली से फ्लाइट उड़ने की बात कही गई।

हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक डा. चिलका महेश ने बताया कि शनिवार को वायुसेना रनवे का मेंटेनेंस करती है। इसके चलते सवा दो बजे के बाद उड़ानों को अनुमति नहीं होती है। इंडिगो की फ्लाइट लेट हो गई थी।

## 72 उड़ानें रद, 400 से अधिक रहीं विलंबित

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: घने कोहरे और कम दृश्यता ने आइजीआइ हवाई अड्डे पर हवाई यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया। शनिवार को आइजीआइ एयरपोर्ट पर 72 उड़ानें रद की गईं। इनमें 34 आगमन व 38 प्रस्थान की उड़ानें हैं। मौसम की मार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दृश्यता कम होने से 400 से अधिक विमानों ने घंटों देरी से उड़ान भरी। चार विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। इनको दिल्ली में उतरने की अनुमति नहीं मिली, जिससे पायलटों को निर्देश देकर उन्हें नजदीकी हवाई अड्डे जयपुर और लखनऊ की ओर डायवर्ट किया गया।

## बरौनी हमसफर 24 घंटे के विलंब से चली

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: ट्रेनें देरी से चलने के कारण शनिवार को भी रेल यात्री परेशान रहे। 40 से अधिक ट्रेनें दो घंटे की देरी से दिल्ली पहुंचीं। सबसे अधिक लेट झेलम एक्सप्रेस लगभग 45 घंटे के देरी से चल रही है।

वहीं, शुक्रवार को रवाना होने वाली बरौनी एक्सप्रेस 24 घंटे के विलंब से शनिवार शाम पौने छह बजे रवाना हुई। शनिवार शाम 5.55 पर चलने वाली ट्रेन भी 10 घंटे से अधिक देरी से रविवार सुबह चार बजे चलेगी। शनिवार को नई दिल्ली-बरौनी होसफर विशेष (शुक्रवार को चलने वाली) 24 घंटे, नई दिल्ली-बरौनी होसफर विशेष (शनिवार को चलने वाली) 10.05 घंटे, नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष सवा छह घंटे, आनंद विहार टर्मिनल-जयनगर गरीब रथ-सवा तीन घंटे, नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस-पौने दो घंटे, नई दिल्ली-आगरा सिटी इंटरसिटी एक्सप्रेस पौने दो घंटे, हजरत निजामुद्दीन-चेन्नई दुरंतो एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस सवा घंटे, नई दिल्ली-राजेंद्र नगर राजधानी एक्सप्रेस एक घंटा और हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक घंटा की देरी से दिल्ली से रवाना हुई।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 4 JANUARY 2026

# आइजीआइ एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

- पूर्णिया की उड़ान बार-बार रद होने से यात्रियों का बढ़ा गुस्सा, ग्राउंड स्टाफ के साथ उलझे यात्री
- आरोप, पहले उड़ान में देरी की बात कही गई और बाद में पायलट अनुपलब्धता की जानकारी दी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) हवाई अड्डे पर शनिवार को उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए, जब इंडिगो की दिल्ली से पूर्णिया जाने वाली उड़ान में लगातार देरी और रद होने से यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज यात्रियों ने इंडिगो के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और बोर्डिंग काउंटर पर हंगामा किया।

यात्रियों के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 9076 पिछले दो दिन से बाधित चल रही है। शुक्रवार को उड़ान रद होने के बाद यात्रियों ने किसी तरह अपने टिकट रिशेड्यूल कराए थे, लेकिन शनिवार को भी उड़ान तय समय पर रवाना नहीं हो सकी। लगातार दूसरे दिन यात्रा प्रभावित होने से यात्रियों और ग्राउंड स्टाफ के बीच बहस और तीखी नोक-झोंक देखने को मिली। हंगामे के दौरान यात्रियों ने एयरलाइंस पर गुमराह करने के आरोप लगाए। यात्रियों का कहना है कि पहले खराब मौसम और कम दृश्यता को देरी का कारण बताया गया, जबकि बाद में ग्राउंड स्टाफ ने पायलट की अनुपलब्धता की जानकारी दी। देरी के कारणों में एयरलाइंस द्वारा सही जानकारी नहीं देने से यात्रियों का आक्रोश और बढ़ गया।

शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर यात्रियों ने आपबीती साझा करते हुए एयरलाइन प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कई यूजर्स ने एयरपोर्ट के बोर्डिंग काउंटर पर हो रहे हंगामे और यात्रियों की स्टाफ के साथ तीखी बहस के वीडियो भी पोस्ट किए हैं। मिरर पूर्णिया नाम के यूजर ने लिखा- 'इंडिगो ने फिर कैंसिल की दिल्ली से पूर्णिया की फ्लाइट, एयरपोर्ट पर यात्रियों का फूटा गुस्सा, जमकर काटा बवाल।'

## लेट होने के बाद उड़ान भरने से पहले रद हुई बेंगलुरु की फ्लाइट

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद : हिंडन एयरपोर्ट से शनिवार को बेंगलुरु को उड़ान भरने वाली फ्लाइट लेट होने के बाद रद कर दी गई। इस पर यात्रियों ने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद कुछ यात्रियों को बस से दिल्ली एयरपोर्ट भेजा गया जबकि कुछ ने मौके पर ही टिकट कैंसिल कराया। बताया जा रहा है रनवे पर मेंटेनेंस के काम के चलते उड़ान को क्लीयरेंस नहीं दिया गया।

एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट दोपहर सवा दो बजे रवाना होना था, लेकिन समय में देरी हो गई। टर्मिनल में पहुंचे यात्रियों को जल्द उड़ान भरने का बताया और कुछ देर बाद फ्लाइट रद होने की सूचना दी। इंटरनेट मीडिया पर यात्रियों ने इसकी शिकायत कर लिखा की सवा दो बजे से तीन बजे फिर इसके बाद दिल्ली से फ्लाइट उड़ने की बात कही गई। विमान कंपनी ने दिल्ली एयरपोर्ट के लिए बस की व्यवस्था की, जिससे यात्री वहां पहुंचे। कुछ यात्री टिकट कैंसिल कराने के बाद वापस लौट गए। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक डा. विलका महेश ने बताया कि शनिवार को वायुसेना रनवे का मेंटेनेंस करती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 3 JANUARY 2026

HYDERABAD

# Fog forces Indigo flights to divert

Two IndiGo flights bound for Hyderabad were diverted to Gannavaram Airport near Vijayawada on Friday due to dense fog affecting visibility at Rajiv Gandhi International Airport. The flights, arriving from Delhi and Mumbai, were carrying around 200 passengers each. Airport officials said the diversion was taken purely as a safety precaution as weather conditions deteriorated during landing time. All passengers landed safely at Gannavaram and were provided basic assistance while awaiting further instructions. IndiGo officials said the aircraft would depart for Hyderabad once weather conditions improved and clearance was granted by air traffic control. Some passengers expressed inconvenience due to delays, while authorities assured them that safety remained the airline's top priority. Fog-related disruptions have been reported frequently during winter mornings, affecting flight schedules across Telangana and Andhra Pradesh, prompting airlines to adopt precautionary diversions.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 4 JANUARY 2026

# एयरपोर्ट से 72 उड़ानें रद्द, 300 से अधिक में हुई देरी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** खराब मौसम और देश के कई हिस्सों में कोहरे के चलते शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान परिचालन प्रभावित रहा। इस दौरान कुल 72 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 300 से अधिक उड़ानों के समय में देरी हुई।

डायल के अनुसार दिल्ली आने वाली 34 और यहां से जाने वाली 38 उड़ानें रद्द की गईं। हालांकि, दिल्ली में सुबह के समय रनवे पर दृश्यता सामान्य रही, लेकिन देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण वहां से आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ा। दूसरे शहरों में कोहरे के चलते उड़ानों के संचालन में बाधा आई।

## 50 से ज्यादा ट्रेन लेट

दिल्ली-एनसीआर में कोहरे के चलते लगातार रेलगाड़ियों पर असर देखने को मिल रहा है। शनिवार को कोहरे का असर कुछ कम रहा। शनिवार को लगभग 60 गाड़ियां दिल्ली देरी से पहुंचीं। इनमें अधिकांश गाड़ियां 2 से 3 घंटे की देरी से पहुंचीं। रेलवे द्वारा अधिकांश गाड़ियों को समय से वापस रवाना किया गया। लेकिन लगभग एक दर्जन गाड़ियां देरी से चलीं।

HINDU DELHI 4 JAUNARY 2026

# Sindhudurg Airport gets DGCA nod for 24X7 operation

The Sindhudurg Airport in the Konkan region of Maharashtra received aviation safety regulator DGCA's approval for round-the-clock operations, including during low visibility and adverse weather conditions, IRB Infrastructure Developers said. "The approval significantly enhances the airport's reliability and operational capability. This will support sustained traffic," said Jai S. Sadana, chief adviser and head at IRB Sindhudurg Airport. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MORNING STANDARD DELHI 4 JANUARY 2026

# Over 100 nabbed, accounts frozen in passport and visa fraud cases at IGIA in '25

**EXPRESS NEWS SERVICE** @ New Delhi



DELHI Police's IGI Airport unit has arrested around 130 people involved in visa and passport fraud cases in 2025. Over 300 cases were registered for touting, and more than 400 people were arrested, officials said on Saturday.

For the first time, a financial investigation was initiated against the agents, leading to the identification and debit freeze of over 100 bank accounts linked to suspicious transactions. Investigating officers were tasked with tracing the money trail for payments made for fraudulent activities. The challenge, officials said, was that in most cases, a large portion of the money was reportedly paid in cash.

While investigating, over 100 bank accounts of the agents have been frozen. Assets suspected to have been derived from criminal activity are being identified.

"Around 130 individuals, including travel agents and facilitators of illegal immigration, have been arrested from across the country. The IGI police unit has cracked down on touts and those involved in theft from passenger baggage or cargo. For baggage theft cases, airline ground handling staff are being questioned," said Deputy Commissioner of Police (IGI Airport) Vichitra Veer.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

NAVODAYA TIMES DELHI 4 JANUARY 2026

# कोहरे के चलते 72 फ्लाइट कैंसिल, 350 से अधिक डिले

- एयरपोर्ट पर यात्रियों को उठानी पड़ी भारी परेशानी
- खराब मौसम के चलते 4 फ्लाइट को किया गया डायवर्ट



**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट पर कोहरे के चलते रनवे पर दृश्यता कम होने से फ्लाइट संचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। शनिवार को एयरपोर्ट पर घने कोहरे के चलते 72 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी जबकि 350 से अधिक फ्लाइट विलंब से उड़ी। इससे एयरपोर्ट पर अफरा तफरी का माहौल रहा। यात्रियों का आरोप था कि एयरलाइन द्वारा समय पर सूचना न देने से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। खराब मौसम के चलते 4 फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि घने कोहरे की वजह से 72 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। इनमें 34 आगमन और 38 प्रस्थान वाली फ्लाइट शामिल हैं। सुबह एयरपोर्ट पर मौसम की मार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दृश्यता बेहद कम हो गई। इसकी वजह से 350 से अधिक विमानों ने देरी से उड़ान भरी। कई फ्लाइट तो घंटों डिले हुई। शनिवार तड़के 4 से 8 बजे तक रनवे पर दृश्यता शून्य से 50 मीटर के बीच दर्ज की गई। यह समय फ्लाइट संचालन के लिए सबसे कठिन रहा। लैंडिंग की स्थिति न होने के कारण 4 फ्लाइट को नजदीकी एयरपोर्ट जयपुर और लखनऊ की ओर डायवर्ट किया गया। दोपहर 12 बजे के बाद कहीं जाकर कोहरे की चादर छंटनी शुरू हुई। इसके बाद फ्लाइट संचालन सामान्य हो सका।

# Dense fog disrupts flights at Indira Gandhi International Airport, passengers suffer

**UNITED NEWS OF INDIA**
*New Delhi, 3 January*

A dense fog reduced visibility during the early hours of the day in the national Capital, affecting flight services at Indira Gandhi International Airport (IGIA) on Saturday.

Several flights were delayed due to poor visibility, causing fog-related disruptions for the passengers. Authorities are working to manage the situation, but the fog is expected to persist, further impacting air travel in the region.

Earlier, aviation regulator Directorate General of Civil Aviation (DGCA) has announced that the official fog window will start from December 10 and continue till February 10. As many as 66 flights were cancelled in Delhi on Friday following dense fog and low visibility, causing problems to hundreds of passengers. Poor weather conditions during the early hours have severely affected air traffic movement, with airlines forced to suspend several services to ensure passenger safety. Multiple carriers were impacted by the adverse conditions. Airport authorities and airlines issued advisories urging passengers to check flight status before heading to the airport.



Planes seen parked at Delhi IGI Airport amid dense smog in New Delhi. (ANI)

DGCA's flight operation norms state that during dense fog, airlines mandatorily have to assign pilots specially trained to fly during low visibility situations.

DGCA further asks for deploy a CAT-IIIB-compliant aircraft fleet for such operations. Fog related disruptions are common during the winter season and can lead to delays, diversions, and cancellations, which affect passengers scheduled travel.

Centre for Delhi said. The weather agency said that moderate fog is likely at many places in the capital, with dense fog at isolated places on Sunday morning, and there will be shallow to moderate fog during morning hours thereafter. The maximum temperature recorded on Saturday was 17.4 degrees C, while the minimum settled at 8.1 degrees C, which was a notch below the normal for the season. IMD has forecast a mainly clear sky for Sunday, with moderate fog at many places, and dense fog at isolated places in the morning hours.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 4 JANUARY 2026

कार्रवाई वैंकूवर-दिल्ली उड़ान भरने की तैयारी में था पायलट

# कनाडा : शराब सेवन पर एअर इंडिया को चेताया, रद्द हो सकती है अनुमति

**वैंकूवर।** एअर इंडिया के एक पायलट को वैंकूवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरने की तैयारी के समय गिरफ्तार करने के एक हफ्ते बाद कनाडा की परिवहन एजेंसी ने कंपनी को चेताया कि यदि एअर इंडिया शराब सेवन नियमों का पालन नहीं करती तो उसे दी गई उड़ान संबंधी अनुमति रद्द की जा सकती है। पायलट एअर इंडिया की वैंकूवर से दिल्ली के लिए निर्धारित दैनिक उड़ान की तैयारी कर रहा था।

ट्रांसपोर्ट कनाडा नामक परिवहन एजेंसी ने कहा, वह एअर इंडिया एवं भारतीय विमानन अधिकारियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि इसके संबंध में उचित कार्रवाई की जाए। एजेंसी

## 23 दिसंबर को उड़ान में 7 घंटे देरी

विमान परिचालन पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24' के अनुसार,




23 दिसंबर को वैंकूवर से वियना के रास्ते दिल्ली जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान का प्रस्थान समय दोपहर तीन बजे तय था लेकिन यह वैंकूवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से 23 दिसंबर को रात 10:02 बजे रवाना हुई। इस तरह इसमें 7 घंटे की देरी हुई। एअर इंडिया ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए किए गए अनुरोधों का तत्काल जवाब नहीं दिया।

## ड्यूटी से अयोग्य को काम नहीं

ट्रांसपोर्ट कनाडा ने कहा, एअर इंडिया की नियामकीय निगरानी की प्राथमिक जिम्मेदारी भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की है। कनाडा में पायलट या क्रू सदस्य को शराब पीने के 12 घंटे के भीतर उड़ान संबंधी कार्य की अनुमति नहीं है। ट्रांसपोर्ट कनाडा ने कहा, विमानन कंपनी चालक दल ऐसे सदस्यों को काम पर नहीं लगा सकती जो ड्यूटी से अयोग्य हों।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 3 JANUARY 2025

**Star Air to launch direct Ahmedabad-Diu flight**

**Mumbai:** Regional carrier Star Air on Friday announced the launch of flight services between Ahmedabad and Diu, and Kolhapur to Nanded with a stopover at Ahmedabad from January 15. With the additions, Ahmedabad will offer direct connectivity to Kolhapur and Diu, along with one-stop access at Goa (Mopa) via Diu, the airline said. PTI

DAINIK BHASKAR | JAIPUR | 3 JANUARY 2026

# गुवाहाटी फ्लाइट सवा दो घंटे लेट, दिल्ली फ्लाइट रद्द



**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को फ्लाइट संचालन प्रभावित रहा। इंडिगो की गुवाहाटी जाने वाली फ्लाइट 6ई-748 जयपुर से सुबह 6:40 बजे उड़ान भरती है। गुवाहाटी में मौसम खराब होने के कारण यह फ्लाइट दो घंटे की देरी से जयपुर से रवाना हुई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1767/1834 रद्द रही। ये फ्लाइट दिल्ली से सुबह 7:55 बजे जयपुर आती है और वापसी में जयपुर से सुबह 8:30 बजे दिल्ली जाती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU | DELHI | 4 JANUARY 2026

# भारतीय विमानन कंपनियां 55 नए विमान शामिल करेंगी

नई दिल्ली। भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा वर्ष 2026 में देश में अपने संपूर्ण बेड़े में लगभग 50-55 विमानों को शामिल करने का अनुमान है। 2025 में कुल शामिल विमानों की शुद्ध संख्या 35 थी। इनमें कुल 79 विमान जोड़े गए और 44 वापस किए गए थे, जो 2024 से भी बहुत कम है। प्लेनस्पॉटर डॉटकॉम के अनुसार, देश में विमानों की कुल संख्या 826 कुल मिलाकर आंकी गई थी - जिसमें 2025 में परिचालन विमान 723 थे। लगभग 103 विमान स्पेयर पार्ट्स की कमी या एयर इंडिया की तरह विमानों के अपग्रेडेशन और नवीनीकरण के लिए जाने के कारण परिचालन से बाहर थे। हालांकि, अगर सब कुछ ठीक रहा (जैसे बोइंग अपना प्रोडक्शन बेहतर करती है और इस साल तीन नई एयरलाइंस को परिचालन शुरू करने की इजाजत मिल जाती है) तो 2026 तक बेड़े की कुल क्षमता लगभग 900 तक पहुंच सकती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICAL | HYDERABAD | 3 JANUARY 2026

# 14 flights cancelled, 4 lorries collide as fog blankets state

**DC CORRESPONDENTS**
**HYDERABAD, JAN. 2**

Dense fog blanketed Hyderabad and large parts of Telangana for the second consecutive day on Friday. It sharply reduced visibility, disrupted flight operations, slowed highway traffic causing prolonged delays till morning across several districts. Areas like Shamshabad, Rajendranagar, Kismatpur and long stretches of the Outer Ring Road witnessed near-zero visibility. Motorists said that vehicles just a few metres ahead were barely visible even after sunrise. In several locations, fog persisted till 9 am.





Dense fog blankets Buddha and BR Ambedkar statues at Hussainsagar on Friday. Thick fog on Outer Ring Road in the city outskirts.
— *P. SURENDRA, BY ARRANGEMENT*

Traffic was hit hard on the Hyderabad-Bengaluru highway as poor visibility led to a chain collision involving four lorries, bringing traffic to a standstill for nearly 10 km from Shamshabad to Palmakul. The Hyderabad-Vijayawada highway also saw slow-moving traffic, particularly along the Abdullapurmet-Ghatkesar bypass, where drivers said visibility dropped to a few metres.

Flight operations at Shamshabad airport were affected. Poor visibility forced the diversion of 14 flights on Friday. Two Indigo aircraft bound for Hyderabad from Delhi and Mumbai were diverted to Vijayawada airport. They landed at the Shamshabad airport after the weather cleared. An Air India Delhi-Hyderabad flight was cancelled, while an Indigo Hyderabad-Tirupati flight was delayed.

The India Meteorological Department (IMD) has forecast similar weather conditions for the next 48 hours, raising the possibility of further flight diversions in the coming days. It attributed the fog to moisture accumulation in the lower atmosphere combined with calm wind conditions, and said similar foggy conditions are likely to persist until January 4. Authorities have advised motorists to avoid early-morning travel where possible, use fog lights, maintain low speeds and avoid high-beam headlights, which further reduce visibility in dense fog.

Districts including Medchal-Malkajgiri, Rangareddy, Vikarabad, Sangareddy, Adilabad and Kumuram Bheem Asifabad reported widespread fog, delaying local transport and making early-morning travel hazardous.

Temperature data showed that while minimum temperatures across Telangana have risen above December lows, conditions remained conducive for fog formation. The state's average minimum temperature stood at 17.2°C, about 1.7°C above normal, with the lowest minimum of 12.5°C recorded at Sirpur in Kumuram Bheem district. Hyderabad recorded a minimum of 16.8°C, while districts like Mahbubnagar, Jogulamba Gadwal and Rangareddy saw temperatures of over 2°C above normal.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 4 JANUARY 2026

# नशे में पाए जाने पर एअर इंडिया का पायलट कनाडा में गिरफ्तार

- ट्रांसपोर्ट कनाडा ने शराब सेवन नियमों के उल्लंघन को लेकर एअर इंडिया को चेताया
- शराब सेवन संबंधी नियमों का पालन न करने पर उड़ान संबंधी अनुमति हो सकती है रद

